NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No: 179/NCRES/20 Date: 14.9.2020

श्रीमान मंडल रेल प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— NCRES के सेन्ट्रल कार्यालय की बिल्डिंग, 464/AB, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज, में आर्च (Arch) एवं एसबेस्टस शीट की छत को RCC किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि NCRES के सेन्ट्रल कार्यालय 464/B, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज, में जगह कम होने के कारण, NCRES के अनुरोध पर आपके द्वारा सेन्ट्रल कार्यालय के बगल का आवास सं. 464/A भी सेन्ट्रल कार्यालय के लिये आवंटित किया गया है, लेकिन इस बिल्डिंग की भी छते, 464/B की तरह आर्च एवं एसबेस्टस शीट की है, जिसके कारण बरसात के दिनो में 464/A व 464/B में लीकेज की शिकायत एवं अन्य दिनों में छत से प्लास्टर एवं चूना गिरता रहता है।

यह भी अवगत कराना है कि पूर्व में सेन्ट्रल कार्यालय के Modification के तहत दो कमरा निर्मित करने एवं आर्च एवं शीट की छत वाले कमरो की छत को RCC में बदलने के लिये 9.07 लाख रू0 स्वीकृत हुआ था। इस कार्य को कराने के लिये टेन्डर भी जारी किया गया लेकिन आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण वास्तविक लागत से भी कम के कई टेन्डर फार्म जमा हुये, जिसमें Lowest Rate वाला टेन्डर स्वीकृत कर कार्य शुरू करने के लिये ठेकेदार को निर्देश दिया गया लेकिन रेट कम होने के कारण ठेकेदार ने कार्य शुरू नही किया और काफी दिनों बाद टेन्डर निरस्त कर दिया गया।

उपरोक्त परिस्थिति में NCRES का अनुरोध है कि NCRES के सेन्ट्रल कार्यालय की बिल्डिंग 464/AB, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज, के आर्च एवं एसबेस्टस शीट वाली सम्पूर्ण छत को RCC में बदलने के लिये नया इस्टीमेट बनाकर पुनः टेन्डर नोटिस जारी करने के लिये उचित आदेश करने की कृपा करे। इसी के साथ यह भी अनुरोध है कि यदि सेन्ट्रल कार्यालय की छत को RCC में बदलने का इस्टीमेट पूर्व में स्वीकृत 9.07 लाख से ज्यादा का हो तो शेष धन आप अपने स्तर से स्वीकृत करने की कृपा करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री